तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 46/2019 ईकबाल कौर बनाम सरकार प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किए
23.07.2019	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। राजपैरोकार उपस्थित। बहस सुनी गयी। पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थीया ईकबाल कौर ने प्रार्थना पत्र पेश कर प्रार्थीया का नाम राजस्व रिकार्ड चक 16 आर.बी. के खाता सं. 46/45 के मु.नं. 2–4–13–17 की 6.149है0 में से 2.207है0 नहरी बारानी मय खाला में छिन्द्रकौर पुत्री बलौर सिंह के स्थान पर ईकबाल कौर पुत्री बलौर सिंह दुरूस्त कर खातेदार घोषित करने हेतु निवेदन किया हैं। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार(भू.अ.) क्रमांक/भू.अ./19/1637 दिनांक 27.05.2019 के अनुसार मौका जांच में चक 16 आरबी के मु.नं. 2–4–13–17 की 2.207है0 रकबा छिन्द्रकौर पुत्री बलौर सिंह के द्वारा ईकबाल कौर पुत्री बलौर सिंह के नाम कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ। जबकि प्रार्थीया के ससुराल चक 35 बीबी तहसील पदमपुर में भामाशाह कार्ड, फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक एसबीबीजे ब्रांच गजसिंहपुर के बचत खाता की प्रति में प्रार्थीया का नाम ईकबाल कौर पत्नी जरनैल सिंह अंकित हैं। उक्त दस्तावेज के आधार पर प्रार्थीया अपना नाम छिन्द्र कौर पुत्री बलौर सिंह के स्थान पर ईकबाल कौर पुत्री बलौर सिंह करवाना चाहती हैं। मौका पर उपस्थित समस्त मौतबिरन ने छिन्द्रकौर पुत्री बलौर सिंह व ईकबाल कौर पत्नी जरनैल सिंह दोनों व्यक्ति एक ही होना बताया हैं। अतः प्रार्थीया का नाम छिन्द्र कौर पुत्री बलौर सिंह के स्थान पर ईकबाल कौर पत्नी जरनैल सिंह किया जावे तो उचित होगा। संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया। शपथ पत्र दिनांक 27.06.2019 मनजीतकौर–जगदीप सिंह–जसबीर कौर–लखवीर कौर पिसरान बलौर सिंह का अवलोकन किया। प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र संलग्न दस्तावेजों, रिपोर्ट तहसीलदार(भू.अ.) एवं शपथ पत्र के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थीया स्वीकार किया जाकर राजस्व रिकार्ड चक 16 आर.बी. के खाता सं. 46/45 के मु.नं. 2–4–13–17 की 6.149है0 में से 2.207है0 नहरी बारानी मय खाला में छिन्द्रकौर पुत्री बलौर सिंह के स्थान पर ईकबाल कौर पुत्री बलौर सिंह की दुरूस्ती की जाती हैं। इसी आशय का आदेश तहसीलदार(राजस्व) रायसिंहनगर के नाम जारी हो। पत्रावली फैंसले में शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (संदीप कुमार) उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर	

Scanned by CamScanner